ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, शुक्रवार 23 जनवरी 2026

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 259

पृष्ठ 4

राजस्थान पंचायत चुनाव 2026: पंच-सरपंच के चुनाव ईवीएम से नहीं, बैलेट बॉक्स से होंगे



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। राजस्थान में इस बार पंच और सरपंचों के चुनाव बैलेट (मतपत्र) से होंगे, जबकि जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव ईवीएम से करवाए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने कलेक्टरों को चुनाव तैयारियों के लिए गाइडलाइन भेजते हुए बैलेट बॉक्स की मरम्मत, ऑयलिंग और ग्रीसिंग का काम तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए हैं। आयोग के अनुसार, जिन जिलों में अतिरिक्त बैलेट बॉक्स की आवश्यकता होगी, उन्हें यह राज्य निर्वाचन आयोग उपलब्ध कराएगा। वहीं, जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव में भी कुछ जगह ईवीएम कम पड़ने पर बैलेट बॉक्स का इस्तेमाल किया जा सकता है। राज्य निर्वाचन आयोग ने मध्यप्रदेश से राजस्थान के लिए ईवीएम मशीनों की आपूर्ति सुनिश्चित की है। इलेक्ट्रॉनिक कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के इंजीनियर मशीनों की फर्स्ट लेवल तकनीकी जांच फरवरी तक पूरी करेंगे। चुनाव तैयारियों के तहत, आयोग 31 दिसंबर 2025 की वोटर लिस्ट को आधार बनाकर पंचायती राज चुनावों की फाइनल वोटर लिस्ट 25 फरवरी को प्रकाशित करेगा। हालांकि, आयोग ने कहा कि इसके बाद भी नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन करने का काम जारी रहेगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने कलेक्टरों से रिटर्निंग अधिकारी और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की लिस्ट भी मांगी है। जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों में कलेक्टर ही रिटर्निंग अधिकारी होंगे, जबकि सहायक रिटर्निंग अधिकारी आयोग द्वारा अलग से नियुक्त किया जाएगा। मतदान दलों की तैयारियों के तहत पोलिंग पार्टियों को दो बार प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें दूसरी ट्रेनिंग वोटिंग से कम से कम 10 दिन पहले पूरी करने के निर्देश हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि पंच-सरपंच चुनावों में बैलेट बॉक्स का प्रयोग, तकनीकी और प्रशासनिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण होगा, लेकिन निर्वाचन आयोग के व्यापक तैयारी और गाइडलाइन के कारण चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और सुचारू रहने की संभावना है।

पुलिस ने हटाया नाम, कोर्ट ने बनाया सरपंच को मुख्य आरोपी...बार अध्यक्ष पर जानलेवा हमले का मामला



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। बहुचर्चित जानलेवा हमले के प्रकरण में बानसेन के तत्कालीन सरपंच कन्हैयादास वैष्णव को न्यायालय ने मुख्य आरोपी बनाया है। यह मामला 26 मार्च 2021 का है, जब बार संघ अध्यक्ष उमेश अग्रवाल पर मण्डफिया कोर्ट के बाहर प्राणघातक हमला किया गया था। इस प्रकरण (एफ.आई.आर. संख्या 108/2021) में प्रारंभ में थाना मण्डफिया और बाद में अनुसंधान अधिकारी उप-अधीक्षक लाभुराम विश्नोई, चित्तौड़गढ़ ने मुख्य अभियुक्त और एफ.आई.आर. में नामजद कन्हैयादास वैष्णव को राजनैतिक संरक्षण के कारण आरोपी से हटाकर केवल अन्य तीन आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया था। परिवादी उमेश अग्रवाल ने अपने अधिवक्ता मदन खटीक के माध्यम से दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 319 के तहत न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। इसमें मुख्य आरोपी को भी मामले में शामिल करने की मांग की गई। इस प्रार्थना पर माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट विकास अग्रवाल ने दिनांक 14 जनवरी 2026 को निर्णय देते हुए तत्कालीन सरपंच कन्हैयादास वैष्णव उर्फ कानजी, पुत्र मांगीलाल वैष्णव, बानसेन के खिलाफ धारा 323 (साधारण चोट), 341 (गिरफ्तारी या अवरोध), 325 (गंभीर चोट) और 120(B) (षड्यंत्र) भारतीय दंड संहिता 1860 के तहत अपराध दर्ज किया। साथ ही अभियुक्त को न्यायालय में सम्मन के माध्यम से पेश होने का आदेश भी जारी किया गया। कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार यह कदम मामले में न्याय की प्रक्रिया को सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। स्थानीय अधिवक्ताओं और बार संघ के नेताओं ने इसे कानून के शासन और न्याय के प्रति मजबूत संदेश बताया। परिवादी पक्ष के अधिवक्ता मदन खटीक ने कहा कि इस निर्णय से यह स्पष्ट संदेश गया है कि कोई भी राजनीतिक संरक्षण के कारण अपराध से बच नहीं सकता। न्यायालय ने पारदर्शिता और विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए मुख्य आरोपी को मामले में शामिल किया।

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अन्तर्गत आवेदन आमंत्रित

युवाओं को 10 लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण, मार्जिन मनी एवं सीजीटीएमएसई फी का पुनर्भरण

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 23 जनवरी। राज्य के मूल निवासी एक लाख युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने हेतु वित्तीय संस्थान के माध्यम से ब्याज मुक्त ऋण, मार्जिन मनी, सीजीटीएमएसइ फी का पुनर्भरण कराये जाने के उद्देश्य से यह योजना प्रारंभ की गई है। उक्त योजना में विनिर्माण, सेवा एवं व्यापार आधारित नवीन उद्यमों सहित स्थापित उद्यम के विस्तार, विविधकरण या आधुनिकीकरण हेतु ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा, जिस पर राज्य सरकार मार्जिग मनी, तथा शत-प्रतिशत ब्याज अनुदान एवं सीजीटीएमएसइ फी का पुनर्भरण के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। योजना का कियान्वयन ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबन्धक ने बताया कि योजना की पात्रता में आवेदक राजस्थान का मूल निवास होना चाहिए तथा आवेदक की उम्र 18 वर्ष से अधिकतम 45 वर्ष होनी चाहिए। एच.यू.एफ, सोसायटी, भागीदारी फर्म, एलएलपी फर्म एवं कम्पनी की स्थिति में उनका नियमानुसार पंजीयन होना आवश्यक है एवं संस्थान का 51 प्रतिशत या अधिक स्वामित्य 18 से 45 वर्ष के आयु के व्यक्तियों में निहित होना अनिवार्य है। लाभार्थी द्वारा इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने पर राज्य सरकार की अन्य योजना में भी पात्रतानुसार लाभ हेतु पात्र होंगे। विस्तार/विविधिकरण/आधुनिकीकरण के प्रकरणों में इकाई के विद्यमान निवेश में 25 प्रतिशत वृद्धि आवश्यक होगी। आवेदक पूर्व में बैंक वित्तीय संस्थान से लिए गए ऋण में डिफाल्टर/दोषी नहीं हों।

महाप्रबन्धक ने बताया कियोजनान्तर्गत कक्षा 8 से 12 तक उत्तीर्ण आवेदकों को सेवा व व्यापार क्षेत्र के लिए 3.5 लाख तथा विनिर्माण क्षेत्र के लिए 7.5 लाख रूपये का व्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। अधिकतम 35 हजार रूपये की मार्जिन मनी भी दी जायेगी। स्नातक आईटीआई आवेदकों को सेवा एवं व्यापार क्षेत्र के लिए 5 लाख रूपये एवं विनिर्माण क्षेत्र के लिए 10 लाख रूपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। अधिकतम 50 हजार रूपये की मार्जिन मनी भी दी जायेगी। अधिक जानकारी के लिए जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, में संपर्क किया जा सकता है।

2025 के मुकाबले 11 दिन पहले खुलेंगे बद्रीनाथ के कपाट:टिहरी के राजा ने किया शुभ मुहूर्त का ऐलान; गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट खुलने की तिथि भी घोषित



24 न्यूज अपडेट

उत्तराखंड के चमोली में स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट इस बार पिछले साल के मुकाबले 11 दिन पहले खुलेंगे। तय हुआ है कि बद्रीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को सुबह 6 बजकर 15 मिनट पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे।

वहीं उत्तरकाशी के गंगोत्री धाम और यमुनोत्री धाम के कपाट 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर विधि-विधान से भक्तों के लिए खोले जाएंगे।

बसंत पंचमी के मौके पर आज नरेंद्र नगर राजमहल में विधि-विधान के साथ बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि की आधिकारिक घोषणा की गई। परंपरा के अनुसार राजपुरोहित महाराजा मनुजेंद्र शाह की जन्मपत्री और लग्न पत्रिका देखकर शुभ मुहूर्त निकालते हैं।

2025 में कब बंद हुए थे बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट

2025 में उत्तरकाशी में स्थित गंगोत्री धाम के कपाट 22 अक्टूबर को विधि-विधान के साथ बंद किए गए। इसके अगले दिन ही दिन 23 अक्टूबर को यमुनोत्री धाम के कपाट विधि विधान से बंद कर दिए गए थे इसके बाद यात्रियों के लिए इन दोनों धामों में नियमित दर्शन बंद हो गए और शीतकालीन पूजा की व्यवस्थाएं शुरू कर दी गईं।

वहीं चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट 25 नवंबर को दोपहर 2 बजकर 56 मिनट पर शीतकाल के लिए बंद किए गए थे। फिलहाल बद्रीनाथ की शीतकालीन पूजा जोशीमठ के नरसिंह मंदिर में चल रही है।

गाडू घड़ा यात्रा से जुड़ी है कपाट खुलने की परंपरा

पौराणिक परंपरा के अनुसार गाडू घड़ा यात्रा राजमहल पहुंचती है। यहां कुंवारी और सुहागिन महिलाएं व्रत रखकर बद्रीनाथ धाम के लिए तिल का तेल निकालती हैं। तेल की पवित्रता बनाए रखने के लिए महिलाएं मुंह पर पीला कपड़ा बांधकर यह धार्मिक कार्य करती हैं। इसी तेल से धाम में भगवान बदरी विशाल की पूजा-अर्चना होती है।

रुपया डॉलर के मुकाबले 92 के करीब पहुंचा:विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से लगातार पैसा निकाल रहे; इससे रुपया कमजोर हो रहा



24 न्यूज अपडेट

भारतीय रुपया को 1 डॉलर के मुकाबले 92 रुपए के करीब पहुंच गया है। PTI के मुताबिक आज दिन के कारोबार में डॉलर के मुकाबले रुपया 91.99 पर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया। विदेशी निवेशकों (FPI) की लगातार बिकवाली और वैश्विक स्तर पर बढ़ते व्यापारिक तनाव की वजह से रुपया में यह गिरावट देखी जा रही है।

साल 2026 की शुरुआत से ही रुपया दबाव में है। पिछले साल दिसंबर 2025 में पहली बार रुपया 90 के स्तर के पार गया था। अब महज 20 दिनों के भीतर यह 91 के स्तर को भी पार कर गया है। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि ग्लोबल टेंशन और दुनिया भर के शेयर बाजारों में अस्थिरता के चलते निवेशक गोल्ड और डॉलर में निवेश बढ़ा रहे हैं।

सेंसेक्स में 770 अंक गिरकर 81,538 पर बंद:अडाणी ग्रुप के शेयर 15% तक गिरे, निवेशकों को 21 लाख करोड़ का नुकसान



24 न्यूज अपडेट

शेयर मार्केट में आज यानी 23 जनवरी को गिरावट रही। सेंसेक्स 770 अंक की गिरावट के साथ 81,538 पर बंद हुआ है। यह इस हफ्ते की चौथी बड़ी बिकवाली रही। वहीं निफ्टी में भी करीब 241अंक की गिरावट रही, ये 25,048 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 24 में गिरावट और 6 में तेजी रही। निफ्टी के बैंकिंग, ऑटो मीडिया और मेटल शेयर्स में सबसे ज्यादा बिकवाली रही। इस गिरावट से निवेशकों को 6 लाख करोड़ का लॉस हुआ पिछले एक हफ्ते में निवेशकों का नुकसान करीब 21 लाख करोड़ तक पहुंच गया है।

वहीं आज अडानी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में 15% तक की गिरावट दर्ज की गई। अमेरिकी मार्केट रेगुलेटर की फेडरल कोर्ट से गौतम अडानी और उनके भतीजे सागर अडानी को व्यक्तिगत रूप से ईमेल के जरिए समन भेजने की अनुमति मांगने को इस गिरावट की वजह माना जा रहा है।

सोना 3,182 बढ़कर 1.55 लाख के ऑलटाइम हाई पर:23 दिन में 21 हजार महंगा हुआ; चांदी आज 11,994 बढ़कर 3.12 लाख/किलो हुई



24 न्यूज अपडेट

सोने के दाम आज यानी 23 जनवरी को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार सोना सुबह 1,55,428 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ओपन हुआ। हालांकि इसके बाद इसकी कीमत में थोड़ी गिरावट आई और ये 3,182 रुपए बढ़कर 1,54,310 रुपए पर बंद हुआ। इससे पहले ये 1,51,128 रुपए पर था। वहीं, 1 किलो चांदी 11,994 रुपए बढ़कर 3,11,705 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले गुरुवार को ये 2,99,711 रुपए पर थी। इस साल सिर्फ 23 दिनों में सोना 21,115 रुपए और चांदी 81,285 रुपए महंगी हो चुकी है।

संपादकीय : त्रासद हादसा

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में हुए हादसे में जिस तरह दस जवानों की जान चली गई, वह दुर्गम इलाके में तैनात सुरक्षा बलों के सामने मौजूद बहुस्तरीय जोखिम का ही उदाहरण है। गौरतलब है कि गुरुवार को डोड़ा में सेना के एक बुलेटप्रूफ वाहन में सवार फौजी लगभग नौ हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित एक चौकी की ओर जा रहे थे। इस बीच खन्नी टाप के पास वाहन सड़क से फिसल कर दो सौ फुट गहरी खाई में जा गिरा। इतनी ऊंचाई से गिरने के बाद वाहन और उसमें सवार लोगों की हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है। दस जवानों की मौत के अलावा ग्यारह अन्य जवान बुरी तरह घायल भी हुए। जाहिर है, आतंकवाद का सामना करने के क्रम में जानलेवा खतरों और हमलों का सामना करने के अलावा इस घटना से वहां ड्यूटी के लिए तैनात के सामने एक अतिरिक्त चुनौती का पता चलता है। यह इलाका अपनी बेहद मुश्किल भौगोलिक परिस्थितियों के लिए जाना जाता रहा है और वहां सुरक्षा बलों के जवानों के सामने हमेशा ही जोखिम की स्थिति बनी रहती है। ऊंचे पहाड़ों और घने जंगलों के बीच आतंकवादियों का सामना करना पहले ही एक बड़ी चुनौती रही है उसमें जब सुरक्षा कारणों से ही सड़कों पर सफर के क्रम में हुए हादसे में जवानों की मौत हो जाती है, तो यह वाहन चलाने में हुई मामूली चूक के खतरनाक नतीजों के साथ-साथ दुर्गम इलाकों में मौजूद रास्तों के बेहद असुरक्षित होने का भी सबूत है । सवाल है कि देश की सुरक्षा के लिहाज से अतिसंवेदनशील इलाकों में सड़कों को इस हालत में कैसे छोड़ा गया है कि किसी वाहन के खाई में गिरने के बाद उसमें सवार लोगों के जिंदा बचने की गुंजाइश बेहद कम होती है। अफसोस की बात यह है कि उस समूचे क्षेत्र में सुरक्षा बलों के सामने मौजूद अलग-अलग जोखिम के समांतर बचाव के मोर्चे पर शायद पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है। वरना हादसे और जोखिम के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील जगहों पर सड़कों के किनारे मजबूत सुरक्षा मेरा या पैराफिट लगाने भर से पहाड़ी इलाकों में होने वाले हादसों में जानमाल के नुकसान को कम किया जा सकता है। जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी और ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में वाहनों के दुर्घटना का शिकार होने और जवानों की मौत या उनके घायल होने की घटनाएं अक्सर सामने आती रही हैं। वाहन पर से चालक का नियंत्रण खोना एक कारण हो सकता है, लेकिन उस क्षेत्र में संकरी और घुमावदार सड़कों के तीखे मोड़ पर फिसलन का खतरा बना रहता है। ताजा घटना में जिस खन्नी टाप पर सेना का वाहन हादसे का शिकार हुआ, उस तरह की जगहों पर ऊंचाई और कंकड़-मिट्टी की वजह से फिसलन ज्यादा घातक हो जाती है। खासतौर पर दिसंबर- जनवरी के बीच ज्यादा ठंड और बर्फबारी की वजह से सड़क पर फिसलन आम रहती है। ऐसे में उन सड़कों से अगर भारी सैन्य वाहन गुजरते हैं, तो ऊंचाई वाली जगहों पर कई बार वाहन पर नियंत्रण मुश्किल काम होता है और उसमें चूक की आशंका बनी रहती है। हादसों पर लगाम के लिए इलाके में तैनात जवानों को खराब मौसम और परिस्थिति के मुताबिक बेहतर प्रशिक्षण तथा वाहनों के रखरखाव के पहलू पर ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए। सबसे ज्यादा जरूरी यह है कि सड़कों के बुनियादी ढांचे पर ठोस काम हो और उसे पूरी तरह सुरक्षित बनाने के इंतजाम किए जाएं, ताकि देश की सुरक्षा और आतंकवाद का सामना करने के लिए तैनात सुरक्षा बलों के जवानों के सामने हादसों में जान गंवाने की नौबत न आए।

क्रूरता की कड़ियां

आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट में रखी जा रही दलीलों से अभी कोई नतीजा भले नहीं निकला हो, लेकिन अदालत ने इस समस्या का ठोस हल निकालने का साफ संदेश दिया है। इसके बरक्स कुछ लोगों को पशुओं के प्रति संवेदनहीनता दर्शाने और कानूनों को ताक पर रखने में हिचक नहीं हो रही है, तो वह मानवीय संवेदना और समझ पर एक सवालिया निशान है। अगर आवारा कुत्तों की वजह से कोई समस्या पैदा हो रही है, तो उससे बचाव के लिए उचित उपाय निकालने के लिए सरकार से मांग करने और अपने स्तर पर भी सावधानी बरतने की जरूरत है । इसके बजाय अगर कुछ लोगों को कुत्तों को मार डालने जैसे क्रूर रास्ते अपनाना सही लग रहा है, तो यह एक बेहद अफसोसनाक स्थिति है। गौरतलब है कि तेलंगाना के याचाराम गांव में बुधवार को कुछ लोगों ने कम से कम सौ कुत्तों को कथित तौर पर जहर देकर मार डाला। पुलिस के मुताबिक, ताजा घटना इस महीने तेलंगाना के कई जिलों में अब तक लगभग पांच सौ आवारा कुत्तों को मार डालने के बाद सामने आई है। यह समझना मुश्किल है कि आवारा कुत्तों के टीकाकरण, बंध्याकरण और उन्हें अनुकूल पर्यावास मुहैया कराने के लिए सरकार से जरूरी कदम उठाने की मांग करने के बजाय लोगों को मानवीय संवेदना के न्यूनतम तकाजों को भी ताक पर रखना क्यों जरूरी लग रहा है। ऐसे लोगों को संभवतः पशु क्रूरता निवारण से जुड़े कानून की भी कोई फिक्र नहीं है, जो जानवरों को अनावश्यक दर्द पहुंचाने और पीड़ा देने से रोकता है और इसका उल्लंघन करने वालों के लिए दंड का प्रावधान करता है। विडंबना यह है कि आवारा कुत्तों के काटने या इससे जुड़ी अन्य समस्याओं पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बावजूद सरकारें रिहाइशी इलाकों से उन्हें हटाने या इस समस्या का हल निकालने को लेकर ज्यादा संवेदनशील नहीं दिखतीं । आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ने और उनके आक्रामक होते जाने पर पहले ही उपाय कर लिए जाते, तो यह समस्या आज इतनी गंभीर नहीं होती, जितनी दिख रही है। कुत्तों के काटने से उपजे जोखिम से इनकार नहीं किया जा सकता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं हो सकता कि मनुष्य अपनी बुनियादी संवेदनाओं को भी छोड़ दे ।

सुखेर में आग का कहरः ट्रेम्पोलिन पार्क 'स्काई विले' जलकर राख, 25 लाख का नुकसान



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब नवरत्न कॉम्प्लेक्स स्थित ट्रेम्पोलिन पार्क 'स्काई विले' में अचानक भीषण आग भड़क उठी। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में करीब 10 हजार वर्गफुट में फैला पूरा गेम जोन लपटों की गिरफ्त में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगते ही आसमान में काले धुएं का गुबार उठने लगा। प्लास्टिक से बने खेल उपकरण, फोम के गद्दे और सिंथेटिक सामग्री ने आग को विकराल रूप दे दिया। हालात ऐसे बन गए कि पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

पांच दमकलों ने संभाला मोर्चा

सूचना मिलते ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी बाबूलाल चौधरी के निर्देश पर फायर ऑफिसर नवदीप बग्गा के नेतृत्व में दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। आग की भयावहता को देखते हुए पांच दमकल गाड़ियों को तत्काल तैनात किया गया। दमकलकर्मियों को आग पर काबू पाने के लिए करीब डेढ़ घंटे तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पानी के कई फेरे और रणनीतिक फायर फाइटिंग के बाद आखिरकार लपटों को शांत किया जा सका।

धुएं से घुटा इलाका, लोग घरों में कैद

आग के दौरान उठे घने काले धुएं ने आसपास के पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। कई लोगों को सांस लेने में तकलीफ महसूस हुई, वहीं एहतियातन लोग अपने घरों में ही रहने को मजबूर हो गए।

शॉर्ट सर्किट बना आग की वजह

प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट सामने आया है। विशेषज्ञों का कहना है कि बंद स्थान में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक और सिंथेटिक सामग्री होने से आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया, जिससे उसे नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण हो गया।

25 लाख से ज्यादा का नुकसान

इस अग्निकांड में गेम जोन संचालक को करीब 25 लाख रुपये से अधिक का आर्थिक नुकसान होने का अनुमान है। राहत की बात यह रही कि घटना के समय कोई बड़ी भगदड़ नहीं मची और कोई जनहानि नहीं हुई।

मेवाड़ की धरती पर करणी चेतना का उद्घोष, महिपाल सिंह मकराना का भव्य अभिनंदन

उदयपुर प्रवास के दौरान संगठन विस्तार, परंपरा और सम्मान का संदेश



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। वीरता, स्वाभिमान और त्याग की प्रतीक मेवाड़ की धरती शुक्रवार को उस समय करणी चेतना की साक्षी बनी, जब श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना उदयपुर पहुंचे। उनके आगमन पर करणी सैनिकों ने पारंपरिक सम्मान और जोशीले उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया। शहर में स्वागत का क्रम भुवाणा चौराहे से एकलिंगपुरा तक चला, जहां जगह-जगह करणी सेना के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा और नारेबाजी के साथ उनका अभिनंदन किया। भुवाणा चौराहे पर संभाग प्रभारी डॉ. परमवीर सिंह दुलावत और जिला अध्यक्ष प्रवीण सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में करणी सैनिक एकत्र हुए। इस अवसर पर महिपाल सिंह मकराना को मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर, पुष्पमाला अर्पित कर तथा तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया, जो राजपूत परंपरा और सम्मान का प्रतीक माना जाता है। इसके पश्चात प्रतापनगर चौराहे पर भी करणी सैनिकों द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया गया। यहां से वे कानपुर खेड़ा स्थित रॉयल स्टेडियम पहुंचे, जहां देवड़ा नोबल्स सोसायटी द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान मेवाड़ जगत से बातचीत में महिपाल सिंह मकराना ने कहा कि "मेवाड़ केवल एक भूभाग नहीं, बल्कि त्याग, तपस्या और स्वाभिमान की जीवंत परंपरा है। यह वही धरती है जिसने कभी पराधीनता स्वीकार नहीं की। ऐसी पवित्र भूमि पर आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।" महापुरुषों के सम्मान को लेकर उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो भी महापुरुषों का अपमान करेगा, उसे उसका परिणाम भुगतना पड़ेगा। "महापुरुषों के विरुद्ध अपशब्द बोलने वालों पर लगाम लगाने की ताकत करणी सेना में है," उन्होंने कहा। संगठनात्मक विस्तार की भी घोषणा की गई। संभाग प्रभारी डॉ. परमवीर सिंह दुलावत ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उदय सिंह देवड़ा को श्री राजपूत करणी सेना, उदयपुर संभाग उपाध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की। इस दौरान उदय सिंह देवड़ा का पारंपरिक रूप से सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रभारी प्रहलाद सिंह खींची, बंगाल प्रदेश अध्यक्ष के.पी. सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह देवड़ा, जिला अध्यक्ष प्रवीण सिंह, जसवंत सिंह, महेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में करणी सैनिक उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान संगठनात्मक एकता, परंपरा और सामाजिक चेतना का संदेश स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आया।

धरावण कृषि सहकारी व्यवस्थापक के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। झाड़ोल के धरावण गांव में स्थित धरावण वृहत कृषि बहुउद्देशीय सहकारी समिति लि. के व्यवस्थापक के खिलाफ शुक्रवार को अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम संख्या 2, उदयपुर ने गिरफ्तारी वारंट से तलब करने का आदेश पारित किया। यह कार्यवाही उस समय हुई, जब समिति के व्यवस्थापक ने सरदारमल नामक श्रमिक को श्रम न्यायालय उदयपुर के 10 जुलाई 2018 के आदेश के बावजूद सेवा में बहाल और बकाया वेतन नहीं दिया। सूत्रों के अनुसार, सरदारमल वर्ष 2011 में समिति द्वारा सेवापृथक कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने न्यायालय में यह मामला उठाया, जिसमें न्यायालय ने स्पष्ट किया कि सेवापृथक अवधि को लगातार सेवा में माना जाएगा, और उन्हें 50 प्रतिशत वेतन सहित पुनः सेवा में बहाल किया जाए। लेकिन समिति ने न्यायालय के आदेश की अवहेलना की, जिसके चलते अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने व्यवस्थापक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किया। इस मामले में श्रमिक सरदारमल की पैरवी एडवोकेट राजेश सिंघवी ने की। एडवोकेट राजेश सिंघवी ने बताया कि न्यायालय का आदेश पालन न करने की स्थिति में यह कदम आवश्यक था, और इसे न्याय की विजय बताया जा सकता है।

एन.डी.पी.एस. एक्ट के फरार अभियुक्त गिरफ्तार

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। थाना घासा पुलिस ने एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत फरार अभियुक्त सुरेश पुत्र दीपाजी, निवासी नवाकुआ गन्दोली, थाना घासा, जिला उदयपुर को गिरफ्तार किया। अभियुक्त को पुलिस थाना डबोक के प्रकरण संख्या 03/26 के तहत धारा 08/20, 08/21 और 08/25 एन.डी.पी.एस. एक्ट में न्यायालय में पेश किया गया। यह कार्यवाही जिला पुलिस अधीक्षक, उदयपुर श्री योगेश गोयल के निर्देशानुसार वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत की गई। अभियान की सुपरविजन में रही श्रीमती अंजना सुखवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा और सुश्री आशिमा वासवानी, सहायक पुलिस अधीक्षक वृत्त मावली। गिरफ्तारी में थाना घासा के थानाधिकारी श्री करनाराम के नेतृत्व में टीम सक्रिय रही। टीम के अन्य सदस्य थेः श्री रामानंद, कानि. 1306, श्री महेन्द्र सिंह, कानि. 36, श्री रामअवतार, कानि. 3123, जाँच अधिकारी ने बताया कि प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान जारी है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने नव-निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष से की मुलाकात



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में भाजपा के नव-निर्वाचित माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से आत्मीय भेंट कर उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर विधायक मीणा ने उन्हें सफल, सशक्त एवं प्रेरणादायी कार्यकाल हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए मार्गदर्शन प्राप्त किया। विधायक फूलसिंह मीणा ने कहा कि नितिन नबीन जी के सक्षम, दूरदर्शी एवं कर्मठ नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त होगी। उनका मार्गदर्शन राष्ट्रसेवा, सुशासन तथा संगठन विस्तार के संकल्प को नई गति एवं नई दिशा प्रदान करेगा। इस अवसर पर राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी भाजपा मीडिया संभाग प्रभारी चंचल कुमार अग्रवाल ने दी।

उप अधीक्षक, वृत्त–नगर पूर्व के नए नए कार्यालय का उद्घाटन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान पुलिस के अंतर्गत पुलिस उप अधीक्षक, वृत्त–नगर पूर्व, उदयपुर के नए कार्यालय का लोकार्पण आज जनवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ। किशनपोल, उदयपुर स्थित नए कार्यालय परिसर में सुबह विधिवत लोकार्पण हुआ। विधायक तारांचद जैन, रविन्द्र श्रीमाली, पारस सिंघवी, अतुल चंडालिया, जिनेन्द्र शास्त्री, रजनी डांगी, एसपी योगेश गोयल, एडिशनल एसपी उमेश ओझा, उप अधीक्षक वृत्त नगर पूर्व सूर्यवीरसिंह राठौड़, अतिरिक्त पुलिस उप अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय उदयपुर गोपाल स्वरूप मेवाड़ा अंजना सुखवाल, निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना सहित सूरजपोल थानाधिकारी रतनसिंह व अन्य की मौजूदगी रही।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती मनाई



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। श्रीमेवाड़ सगसजी लोकसेवा संस्थान परिसर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नेताजी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष कुंवर विजयसिंह कच्छवाहा ने नेताजी के जीवन, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विश्व सूक्ष्म कृति कलाकार डॉ. चंद्रप्रकाश चित्तौड़ा द्वारा निर्मित नेताजी की सूक्ष्म कृतिका एवं मां सरस्वती की लघु कृतिका का विमोचन किया गया। विमोचन कार्यक्रम में कुंवर विजयसिंह कच्छवाहा, दीपक सुखाड़िया, दिनेश श्रीमाली, पंकज शर्मा और प्रमोद वर्मा उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. चित्तौड़ा की सूक्ष्म कला की सराहना की। यह जानकारी संस्थान अध्यक्ष कुंवर विजयसिंह कच्छवाहा ने दी।

समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें –
desk24newsupdate@gmail.com

माही टॉक फेस्ट में मेवाड़–वागड़ की लोकसंस्कृति का अद्भुत संगम, गवरी और गैर ने रचा सांस्कृतिक सेतु



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा, 23 जनवरी। माही टॉक फेस्ट 4.0 के अंतर्गत शुक्रवार की सांझ नगर परिषद के हरिदेव जोशी रंगमंच पर मेवाड़ और वागड़ अंचलों की लोकसंस्कृति का ऐसा जीवंत संगम देखने को मिला, जिसने दर्शकों को अतीत की जड़ों से जोड़ दिया। मेवाड़ की आध्यात्मिक लोकनाट्य परंपरा गवरी और वागड़ की उल्लासपूर्ण लोकनृत्य विधा गैर ने मिलकर लोकसंस्कृति के समन्वय की सशक्त मिसाल प्रस्तुत की। सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत मेवाड़ अंचल के ख्यातिप्राप्त लोकनाट्य कलाकार अमित गमेती के निर्देशन में मंचित 'गवरी साधना' से हुई। पारंपरिक वेशभूषा, मुखौटे, प्रतीकात्मक नृत्य और गवरी-शैली (मेवाड़ी भाषा) में संवादों के माध्यम से कलाकारों ने गवरी की सदियों पुरानी परंपरा को मंच पर सजीव कर दिया।

गवरी में बुढ़िया राई, भोपाजी, शिव–पार्वती, गणपति, गोमा–मीणा, कालू कीर, बंजारा–बंजारी और बादशाह की फौज जैसे पौराणिक और लोक पात्रों के नृत्य-नाट्य ने दर्शकों को लोककथाओं की दुनिया में पहुँचा दिया।

इसके पश्चात वागड़ अंचल के लोककलाकार धारजी भाई एवं उनके दल ने वागड़ की होली परंपरा से जुड़े गैर लोकनृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी। ढोल-थाली की गूंजती लय, गोलाकार नृत्य संरचना और सामूहिक ऊर्जा ने पूरे रंगमंच को उत्सव में बदल दिया। गैर नृत्य ने जहां जीवन के उल्लास और सामुदायिक एकता का संदेश दिया, वहीं गवरी ने लोकआस्था और साधना की गहराई को अभिव्यक्त किया।

इस सांस्कृतिक संध्या की सबसे बड़ी विशेषता रही मेवाड़ और वागड़ की लोकपरंपराओं का समन्वय, जिसमें एक ओर साधना और कथा की गंभीरता थी, तो दूसरी ओर उत्सव और आनंद की जीवंतता। दोनों अंचलों की लोककलाओं ने यह संदेश दिया कि भौगोलिक विविधता के बावजूद लोकसंस्कृति की आत्मा एक है।

लोकसंस्कृति से सराबोर इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में

विद्यार्थी, शोधार्थी, साहित्यप्रेमी और नगरवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का सुचारु एवं प्रभावी संचालन रंगकर्मी सतीश आचार्य ने किया।

माही टॉक फेस्ट का यह सांस्कृतिक सत्र न केवल लोककला का प्रदर्शन था, बल्कि मेवाड़–वागड़ की साझा सांस्कृतिक विरासत को समझने और सहेजने की एक सार्थक पहल भी साबित हुआ। इस मौके पर डॉ. सरला पंड्या, विक्रम सिंह, मदनमोहन टांक, डॉ. कमलेश शर्मा, डॉ. सुनील खटीक,विकास छाजेड़ आदि ने कलाकारों का उपरणा पहना कर अभिनंदन किया।

मेवाड़ के इन कलाकारों ने किया गवरी का मंचन :

थोर कविता (उदयपुर) के अमित गमेती के निर्देशन में भील जनजाति समाज के कला साधकों ने प्रस्तुति की। इन कलाकारों में रूप लाल गमेती,रतन गमेती,रत्ता राम गमेती,गंगाराम गमेती, मीठा लाल गमेती,मोती लाल गमेती,डाल चंद गमेती ,जीवन गमेती, रोडी लाल गमेती, टीला राम गमेती,परता लाल गमेती, दिनेश गमेती,बसंती लाल गमेती ,उदय लाल गमेती,शंकर गमेती व किशन गमेती ने प्रस्तुति दी।

विकसित भारत – जी राम जी अधिनियमः भाजपा उदयपुर देहात का जिला सम्मेलन संपन्न



24 न्यूज अपडेट

सलूंबर,। भाजपा उदयपुर देहात द्वारा आयोजित विकसित भारत – जी राम जी अधिनियम जनजागरण अभियान के तहत सलूंबर विधानसभा में जिला सम्मेलन बरोड़ा ग्राम पंचायत के बारोलजी सभागार में संपन्न हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि और विधायक शांता देवी मीणा ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी, जिला सह संयोजक दुर्गाप्रसाद मीणा, जिला उपाध्यक्ष सोनल मीणा, जिला मंत्री करण सिंह पंवार उपस्थित थे। सम्मेलन में मंडलों से किसान, मनरेगा श्रमिक, मजदूर संगठन, भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। चंद्रशेखर जोशी ने कहा कि कांग्रेस झूठा प्रचार कर रही है, जबकि नए जी राम जी अधिनियम के तहत रोजगार 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि भुगतान में विलंब होने पर पेनल्टी लागू होगी और रोजगार में देरी होने पर बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। प्रशासनिक व्यय भी 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे मनरेगा कर्मियों को पर्याप्त मानदेय मिलेगा। जोशी ने आगे कहा कि ग्राम सभाओं के माध्यम से विकास प्रस्ताव भेजे जाएंगे और इस अधिनियम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, मजदूरों के हाथ मजबूत होंगे। जीपीएस आधारित निगरानी, बायोमेट्रिक प्रणाली और डीबीटी के जरिए पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। विधायक शांता देवी मीणा ने कहा कि कांग्रेस के पास मुद्दे खत्म हो चुके हैं और वह झूठे प्रचार के सहारे राजनीति चमकाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जी राम जी अधिनियम महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज और राम राज की परिकल्पना को साकार करेगा। सम्मेलन में मनरेगा श्रमिकों, मजदूर संगठन और किसानों ने इस अधिनियम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर विधायक शांता देवी मीणा को सौंपा। कार्यक्रम में सह संयोजक दुर्गाप्रसाद मीणा, जिला उपाध्यक्ष सोनल मीणा, जिला मंत्री करण सिंह पंवार, भूरा भाई पटेल, छप्पन मंडल अध्यक्ष अमरा भाई पटेल, मल्लाडा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीलाल कलाल, सलूंबर नगर अध्यक्ष विजेश भलवाड़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामेश्वर जोशी, जिला परिषद सदस्य धर्मेंद मेहता, मंडल महामंत्री मानसिंह पंवार, संजय मेहता, केसर सिंह डाल, प्रकाश जैन डाल, वेणीराम सुथार, केशव चोबिसा, लालू राम पटेल, नारा भाई गामड़ा, नाथू सिंह गुडेल सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और विभिन्न ग्राम पंचायतों से मेट, मनरेगा श्रमिक एवं किसान मौजूद थे। चंद्रशेखर जोशी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा उदयपुर देहात और विधानसभा प्रभारी विकसित भारत – जी राम जी, ने कहा कि यह अधिनियम ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, विकास और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

'द रिटर्न ऑफ़ द आर्मीमैन' का प्रमोशन, बाहुबली फेम कालकेय प्रभाकर और शहबाज़ ख़ान पहुँचे





24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। दक्षिण भारतीय सिनेमा के चर्चित अभिनेता और बाहुबली फ़िल्म में कालकेय की भूमिका से पहचान बनाने वाले कालकेय प्रभाकर अपनी आगामी फ़िल्म 'द रिटर्न ऑफ़ द आर्मीमैन' के ट्रेलर लॉन्च और प्रमोशन के लिए उदयपुर पहुँचे। उनके साथ फ़िल्म के अभिनेता शहबाज़ ख़ान, मनोज जोशी, गोविंद नामदेव, मुकेश भट्ट, लोकेश शर्मा और अभिनेत्री शालिनी चौहान भी मौजूद रहे। फिल्म के निर्देशक बाबू भट्ट और निर्माता नयूम ख़ान ने बताया कि यह फ़िल्म देश के जांबाज़ सैनिकों के शौर्य, त्याग और जीवन संघर्ष पर आधारित है। फिल्मांकन राजस्थान की ऐतिहासिक नगरी उदयपुर और मुंबई में किया गया है। प्रमोशन कार्यक्रम फतेह सागर झील की पाल पर आयोजित किया गया, जिसमें कलाकार और तकनीकी टीम ने भाग लिया। फिल्म में कालकेय प्रभाकर और शहबाज़ ख़ान की मुख्य भूमिकाओं के साथ पूरी टीम की सशक्त प्रस्तुति दर्शकों के बीच उत्साह बढ़ा रही है। फ़िल्म 'द रिटर्न ऑफ़ द आर्मीमैन' 6 फरवरी 2026 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

सहस्त्र बड़ी औदीच्य ब्राह्मण समाज ने संगठन मजबूत करने का लिया संकल्प



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। नगर के निकटवर्ती सरोदा गांव में सहस्त्र बड़ी औदीच्य ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित हुई। सर्वसम्मति से जगदीश चंद्र मेहता को ब्राह्मण समाज सरोदा अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में वरिष्ठ पदाधिकारी, पूर्व अध्यक्ष और बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेमेंद्र कुमार उपाध्याय, पूर्व जिला अध्यक्ष हितेश रावल, पूर्व अध्यक्ष किशोर भट्ट, कांतिलाल के. व्यास, रमेशचंद्र उपाध्याय, चंद्रकांत व्यास, पूर्व चौखला अध्यक्ष चंद्रकांत शुक्ला, यशवंत दवे, महेश पंड्या उपस्थित थे। सचिव ने चुनाव प्रक्रिया की रूपरेखा प्रस्तुत की। अध्यक्ष बनने पर समाजजनों ने जगदीश चंद्र मेहता का माल्यार्पण कर स्वागत किया।समापन समारोह का संचालन ममता राठौड़ ने किया और अतिथियों का स्वागत आयुष राय, धनराज यादव, अजय महेश्वरी, शिवराज सिंह, हर्षित हेमंत, योगी, आदित्य प्रजापत ने किया। प्रवक्ताः ममता राठौड़ (विनय क्रिकेट क्लब) ने यह जानकारी दी।

गमलेश्वर तालाब पर छात्र-छात्राओं को पक्षियों व तितलियों की दी जानकारी



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। नगर गमलेश्वर तालाब पर निजी विद्यालय के छात्र-छात्राओं को राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के अधिशाषी अभियंता मधुसूदन गेना, सहायक अभियंता मुकेश पाटीदार के निर्देश पर विभाग की सामुदायिक जागरूकता इकाई द्वारा भ्रमण करवाया गया। भ्रमण के दौरान सामाजिक विकास विशेषज्ञ विरल राज सिंह सिसोदिया ने छात्र-छात्राओं को परियोजना द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी और इनके लाभ पर प्रकाश डाला। उन्होंने आज के भ्रमण के उद्देश्य पर भी विस्तृत चर्चा की। सिसोदिया ने विद्यार्थियों से अपील की कि परियोजना के तहत विकसित की जा रही परिसंपत्तियों और शहर के सौंदर्यकरण में सहयोग करें तथा इन्हें साफ, सुंदर और स्वच्छ बनाए रखें, जिससे अधिक पर्यटक आएं और लोगों को रोजगार के अधिक अवसर मिलें। विशेषज्ञ मुकेश पंवार ने सृष्टि के सृजनकर्ता पंच तत्वों में जल तत्व का मानवीकरण करते हुए गमलेश्वर तालाब के बीच स्थित टापू पर डूंगरपुर जिले का शुभंकर चिन्ह पेंटेड स्टार्क और संकटग्रस्त प्रजाति ब्लैक हेडेड आइबिस के नेस्टिंग की जानकारी दी। बाइनोकुलर से चूजों को देखकर बच्चे अभिभूत हुए। पंवार ने इस टापू पर घोंसला बनाने वाले अन्य पक्षियों—कोरमोरेंट, डार्टर, इग्रेट्स, नाइट हेरोन, ओपेनबिल स्ट्रोक—की जानकारी दी और जल तथा जलतटीय पक्षियों के मानव जीवन में महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि स्थलीय पक्षी कृषि में सहयोग करते हैं। आज हमारी मूलभूत आवश्यकताओं—भोजन, आवास, वस्त्र—को संतुलित रखने के लिए जल, वायु, मिट्टी और धूप की अनुकूलताओं का संरक्षण आवश्यक है। तितलियों के जीवन चक्र के माध्यम से पक्षियों को भोजन उपलब्ध रहता है, और तितलियां अपने जीवन चक्र के लिए कुछ विशेष पौधों की प्रजातियों पर निर्भर रहती हैं। अतः जैव विविधता में प्रत्येक पौधा विशिष्ट है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शेख अब्दुल कादिर कपासी भाई एवं विद्यालय स्टाफ डी. एन. सिंह, लोकेंद्र सिंह, दीपक मेहता, पुष्पा मेवाड़ा, एसओटी चिराग सुथार, निलेश उपस्थित रहे।

राज्य स्तरीय अधिवक्ता क्रिकेट प्रीमियर लीग का भव्य आगाज़, लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ और वरिष्ठ अतिथियों ने खेल भावना का संदेश दिया



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। बार एसोसिएशन उदयपुर और JSR गणेश फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय अधिवक्ता क्रिकेट प्रीमियर लीग का उद्घाटन शुक्रवार को शिकारबाड़ी क्रिकेट मैदान पर हुआ। जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने उद्घाटन करते हुए कहा कि खेल भावना और क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए बार एसोसिएशन को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उद्घाटन समारोह में प्रमुख अतिथियों में जिला एवं सत्र न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश गुप्ता, उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल, अधिवक्ता शीतल नंदवाना, भाजपा नेता गजपाल सिंह, ताराचंद जैन, जयशंकर राय, बर काउंसिल ऑफ राजस्थान के सदस्य एवं सीनियर अधिवक्ता सचिन आचार्य, अधिवक्ता प्रवीण खंडेलवाल, रतन सिंह राव, वंदना उदावत, विधायक, जिला परिषद सदस्य और अन्य वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से व्यक्तिगत परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल भावना के अनुरूप मैच खेलने का आह्वान किया। टूर्नामेंट के पहले दिन चार ग्राउंड पर आठ मुकाबले खेले गए। शिकारबाड़ी ग्राउंड पर कैट बार जोधपुर ने झुंझुनू को 2 विकेट से हराया, जबकि राजस्थान हाई कोर्ट जोधपुर ने जयपुर बेंच को 103 रन से मात दी। MB A ग्राउंड पर भीलवाड़ा ने अलवर को 8 विकेट से और जयपुर ने बीकानेर को 7 विकेट से हराया। BN क्रिकेट ग्राउंड पर राजस्थान हाई कोर्ट लॉयर्स जोधपुर ने बूंदी को 50 रन से हराया, जिसमें हिमांशु सोलंकी को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इसी ग्राउंड पर उदयपुर और बांसवाड़ा की टीमों के बीच भी मुकाबला हुआ। अन्य उल्लेखनीय प्रदर्शन में विनोद सारण (श्रीगंगानगर) और चिराग भटनागर (उदयपुर B) को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। समापन समारोह में सभी विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रमुख अतिथियों में जिला एवं सत्र न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश गुप्ता, विधायक ताराचंद जैन, जयशंकर राय, सचिन आचार्य, नामित मेहता, प्रवीण खंडेलवाल, रतन सिंह राव, वंदना उदावत शामिल रहेंगे। कार्यकारिणी के सदस्य अध्यक्ष जितेंद्र जैन, उपाध्यक्ष महेंद्र मेनारिया, महासचिव लोकेश गुर्जर, वित्त सचिव धर्मेंद्र सोनी, पुस्तकालय सचिव विनोद औदीच्य, साथ ही अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता 26 जनवरी तक चलेगी, जिसमें फाइनल मुकाबला फील्ड क्लब क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित होगा और समापन समारोह तथा स्नेह भोज का आयोजन भी वहीं किया जाएगा। मीडिया प्रभारीः हरीश पालीवाल ने यह जानकारी दी।

धनवी कप 2026: चौधरी ग्रुप ने डॉ. अनुष्का अकैडमी को 3 विकेट से हराया



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। स्थानीय विनय क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित धनवी कप अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे सीजन के फाइनल में चौधरी ग्रुप ने रोमांचक मुकाबले में डॉ. अनुष्का अकैडमी को 3 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में अनुष्का अकैडमी के कप्तान आदित्य राज सिंह चुंडावत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने निर्धारित ओवर में 104 रन बनाए, जिसमें ध्रुव गोयल ने 28 और हितार्थ भावसार ने 21 रन बनाए। चौधरी ग्रुप के राजवीर और खुश नहर हितेश सोलंकी ने क्रमशः 3 और 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज मोहित मेनारिया (पार्थ) की नाबाद 50 रनों की पारी से चौधरी ग्रुप ने 7 विकेट खोकर 105 रन बनाकर जीत हासिल की। अनुष्का अकैडमी के निखिल प्रजापत, मिहिर, आदित्य राज और रुचिका मेघवाल ने क्रमशः 3, 2, 1 और 1 विकेट लिए। समापन समारोह की अध्यक्षता प्रतियोगिता के मुख्य प्रायोजक कुलदीप सिंह शक्तावत ने की। मुख्य अतिथि पूर्व अंतरराष्ट्रीय अंपायर बलवंत शर्मा, विशिष्ट अतिथि एमडीएस स्कूल प्रबंधक शैलेंद्र सोमानी, करण सिंह चुंडावत, राजीव सुराणा, चेतन भावसार, यशपाल सिंह शक्तावत, पन्नालाल चौधरी, गजेंद्र सिंह बतौली, अर्जुन सिंह शक्तावत उपस्थित रहे। विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और व्यक्तिगत पुरस्कार दिए गए। निखिल प्रजापत को मैन ऑफ द सीरीज, मोहित मेनारिया को श्रेष्ठ बल्लेबाज, खुश नहर को बेस्ट बॉलर, सिद्ध पानेरी को श्रेष्ठ फील्डर और अक्षिता शारदा को विकेटकीपर पुरस्कार प्रदान किया गया। अन्य पुरस्कार राजवीर सिंह शक्तावत, चंचल हाड़ा, सपना शेखावत और तीन इमर्जिंग प्लेयर मन्नत, व्योम छाबड़ा, हर्षवर्धन चुंडावत को भी वितरित किए गए।

समापन समारोह का संचालन ममता राठौड़ ने किया और अतिथियों का स्वागत आयुष राय, धनराज यादव, अजय महेश्वरी, शिवराज सिंह, हर्षित हेमंत, योगी, आदित्य प्रजापत ने किया। प्रवक्ताः ममता राठौड़ (विनय क्रिकेट क्लब) ने यह जानकारी दी।

थानों के CCTV फुटेज पर बहानों की दीवार, RTI कानून की मूल भावना पर सीधा आघात

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। पुलिस थानों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का उद्देश्य क्या है—यह सवाल आज फिर गंभीर बहस के केंद्र में है। आम धारणा भले यह हो कि कैमरे सुरक्षा के लिए लगाए जाते हैं, लेकिन विधिक दृष्टि से यह तथ्य स्थापित है कि पुलिस थानों में सीसीटीवी लगाने का मूल उद्देश्य मानवाधिकारों की रक्षा और हिरासत में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। यह बात माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा परमवीर सिंह सैनी बनाम बलजीत सिंह सैनी प्रकरण में स्पष्ट रूप से कही जा चुकी है, जिसके बाद देशभर के थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के निर्देश दिए गए।

असंभव जैसा हो गया है सूचना प्राप्त करना

इसके बावजूद उदयपुर के पुलिस थानों में सीसीटीवी फुटेज प्राप्त करना आज भी आम नागरिक के लिए लगभग असंभव बना हुआ है। जब भी कोई नागरिक सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत थाने के सीसीटीवी फुटेज की मांग करता है, तो उसे गोपनीयता, तकनीकी कारणों और पूर्वनिर्धारित बहानों के जरिए टाल दिया जाता है। कुछ मामलों में जब आवेदक राज्य सूचना आयोग तक पहुंचे, तो आयोग द्वारा फुटेज देने के आदेश भी जारी हुए, फिर भी जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी रही। यह उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट, राज्य सूचना आयोग और स्टेट क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (SCRB) द्वारा समय-समय पर पुलिस थानों के सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने को लेकर



रिपोर्ट- जयवंत भैरविया

स्पष्ट और बाध्यकारी निर्देश जारी किए गए हैं। बावजूद इसके, उदयपुर पुलिस द्वारा कई बार इन आदेशों को या तो नज़रअंदाज़ किया गया या रिकॉर्ड में होने से ही इनकार कर दिया गया।

कोर्ट के आदेश नहीं दिख रहे जमीन पर

स्थिति की गंभीरता तब और बढ़ जाती है जब राजस्थान हिरासत में मौतों और सीसीटीवी कैमरे बंद पाए जाने के मामलों में देश में शीर्ष स्थान पर रहा। इस पर माननीय सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका दर्ज की, जो वर्तमान में विचाराधीन है। इसके आलोक में कई नए दिशा-निर्देश जारी किए गए, लेकिन जमीनी हकीकत में कोई ठोस परिवर्तन दिखाई नहीं देता। उदयपुर का भूपालपुरा थाना इस संदर्भ में विशेष रूप से चर्चा में है, जहां पूर्व में भी मानवाधिकार उल्लंघन से जुड़े आरोप सामने आते रहे हैं। चाहे चालान के नाम पर कथित मारपीट हो या अन्य विवाद—हर बार सीसीटीवी कैमरे बंद होने का ही हवाला दिया गया। जानकारी के अनुसार, इस थाने में महीनों तक कैमरे बंद रहे।

डिजिटल अथवा प्रिंट डिस्प्ले के रूप में प्रदर्शित किए जाएं

सुप्रीम कोर्ट में चल रहे प्रकरण के मद्देनज़र SCRB ने हाल ही में पुनः स्पष्ट निर्देश जारी किए कि "नागरिक अधिकारों के संरक्षण के लिए आवश्यक होने पर नागरिक नियमानुसार थाने से दस्तावेज या सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर सकते हैं," और यह निर्देश थानों के स्वागत कक्ष में डिजिटल अथवा प्रिंट डिस्प्ले के रूप में प्रदर्शित किए जाएं।

इसके बावजूद जब भूपालपुरा थाने से सीसीटीवी फुटेज सूचना के अधिकार के तहत मांगा गया, तो थानाधिकारी द्वारा एक ऐसा उत्तर दिया गया, जो RTI कानून की आत्मा के विपरीत प्रतीत होता है। उत्तर में आवेदक से यह अपेक्षा की गई कि वह यह स्पष्ट करे कि सूचना किस लोकहित या जनहित में मांगी जा रही है, किस प्रकरण से संबंधित है और यह भी प्रमाणित करे कि संबंधित तिथि व समय पर उसके साथ कोई घटना हुई थी या नहीं। यहीं से गंभीर विधिक प्रश्न खड़े होते हैं— क्या सूचना मांगने वाले को अब आरटीआई आवेदन के साथ लोकहित पर निबंध लिखना होगा? क्या आवेदक को पहले घटना सिद्ध करनी होगी, तब जाकर सूचना देने पर विचार किया जाएगा? और क्या थानाधिकारी को यह तय करने का अधिकार है कि सूचना में जनहित है या नहीं? सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(2) स्पष्ट कहती है कि आवेदक से सूचना मांगने का कोई कारण नहीं पूछा जा सकता। वहीं धारा 19(5) यह भार लोक सूचना अधिकारी पर डालती है कि वह यह साबित करे कि सूचना देने से इनकार क्यों उचित था—न कि आवेदक पर। कानूनी स्थिति यह भी है कि आरटीआई आवेदन पर निर्णय लेने का अधिकार केवल नामित लोक सूचना अधिकारी (PIO) को होता है, न कि थानाधिकारी को। ऐसे में थाने स्तर पर सूचना रोकना न केवल प्रशासनिक निर्देशों का उल्लंघन है, बल्कि RTI कानून की खुली अवहेलना भी है।

कैसे होगी मानवाधिकारों की रक्षा

प्रश्न यह नहीं है कि सीसीटीवी फुटेज दी जाए या नहीं, प्रश्न यह है कि क्या कानून से ऊपर कोई व्यवस्था खड़ी की जा रही है? यदि पुलिस थानों के सीसीटीवी फुटेज पर ही ताले लगे रहेंगे, तो आम नागरिक के मानवाधिकारों की रक्षा कैसे होगी, न्याय व्यवस्था पर भरोसा कैसे बनेगा और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का सम्मान कैसे सुनिश्चित किया जाएगा?

पानरवा पुलिस की बड़ी कार्यवाही: 100 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। पुलिस थाना पानरवा ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुपडा गांव से 100 लीटर देशी महुआ शराब जब्त की है। शराब को 20-20 लीटर के पांच प्लास्टिक जरीकेन में रखा गया था और इसे एक ऑटो रिक्शा (नंबर GJ 09 BX 0196) से जब्त किया गया। शराब के साथ ऑटो रिक्शा भी पुलिस ने कब्जे में लिया। इस मामले में प्रकरण संख्या 07/2026, धारा 16/54 आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर, श्री योगेश गोयल के निर्देशानुसार और अभियान के तहत की गई। अभियान की सुपरविजन में रहे श्री गोपाल स्वरूप मेवाडा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय और श्री डुंगरसिंह चुण्डावत, वृताधिकारी वृत कोटड़ा। गिरफ्तारी और शराब जब्ती में पुलिस थाना पानरवा की टीम सक्रिय रही। टीम के प्रभारी और सदस्य थे:

श्री रमेशचन्द्र, स.उ.नि.
श्री प्रभुलाल, हैड कानि. 929
श्री रामकृष्ण, कानि. 2162
श्री टीकाराम, कानि. 3154

विद्यारम्भ संस्कार का आयोजन




24 न्यूज अपडेट

खेरवाड़ा,स्थानीय विकास पब्लिक स्कूल में विद्यारम्भ संस्कार का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए आचार्य संतोष व्यास ने बताया कि बसन्त पंचमी के अवसर पर विद्यालय में वाग्देवी माँ सरस्वती की उपासना एवं पूजा के साथ ही विद्यारम्भ संस्कार का आयोजन किया गया ।

जो बच्चे पहली बार स्कूल जाने वाले हैं उन बच्चों को वैदिक रीति से संकल्पित कर उनकी जिव्हा पर मयूर शलाका व शहद से ॐ लिखा गया, वासन्ती पत्र पर बच्चे की तर्जनी उँगली से प्रणवाक्षर ॐ लिखवाया गया व माता -पिता व गुरु आशीर्वाद के पश्चात उसे कुछ कक्षा प्रवेश करवाया गया।

इधर वसंत पंचमी के पावन अवसर पर अपोलो इंटरनेशनल स्कूल में विद्यारंभ संस्कार एवं माँ सरस्वती पूजन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ, जिसमें विधिवत हवन एवं पूर्णाहुति संपन्न कराई गई। विद्यालय के चेयरमैन भूपेंद्र कुमार जैन एवं निदेशक गौरव जैन की उपस्थिति थी।इस अवसर पर 3 से 5 वर्ष आयु के नव अंकुरित बच्चों का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विद्यारंभ संस्कार कराया गया।

उदयपुर में बजाज चेतक C25 का लॉन्च, शहरी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को मिला नया विकल्प



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। लेकसिटी में इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग के बीच दुनिया की सबसे मूल्यवान टू-व्हीलर एवं थ्री-व्हीलर कंपनी बजाज ऑटो लिमिटेड ने आज उदयपुर में अपने नए इलेक्ट्रिक स्कूटर चेतक C25 को औपचारिक रूप से लॉन्च किया। कार्यक्रम के दौरान कंपनी अधिकारियों की मौजूदगी में स्कूटर को ग्राहकों के लिए पेश किया गया।

बजाज चेतक C25 को विशेष रूप से शहरी उपयोग और रोज़मर्रा की आसान आवाजाही को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। स्कूटर में 2.5 किलोवॉट-घंटा की बैटरी दी गई है, जो एक बार फुल चार्ज होने पर 113 किलोमीटर तक की रेंज प्रदान करती है। इसकी टॉप स्पीड 55 किलोमीटर प्रति घंटा है, जबकि यह मात्र 2.25 घंटे में 80 प्रतिशत तक चार्ज हो जाता है, जिससे यह दैनिक शहर उपयोग के लिए उपयुक्त बनता है।

कंपनी ने चेतक C25 की एक्स-शोरूम कीमत उदयपुर में 91,399 तय की है। यह स्कूटर अब पूरे भारत में सभी चेतक स्टोर्स पर उपलब्ध होगा।

डिज़ाइन की बात करें तो चेतक C25 नियो-क्लासिक स्टाइल के साथ प्रीमियम मेटल बॉडी, बेहतर पेंट फिनिश, सिग्नेचर डीआरएल हेडलैंप और बिना जोड़ वाली मोनो-बॉडी संरचना के साथ आता है। यह स्कूटर छह आकर्षक रंगों में उपलब्ध है, जिन पर युवा और स्ट्रीट-आर्ट से प्रेरित विशेष ग्राफिक्स दिए गए हैं। इसका कॉम्पैक्ट आकार और स्लीक प्रोफाइल इसे बहुत अधिक ट्रैफिक और तंग शहरी सड़कों के लिए अनुकूल बनाते हैं।

फीचर्स के तौर पर चेतक C25 में 25 लीटर का बड़ा बूट स्पेस, डिस्क ब्रेक, हिल होल्ड असिस्ट और गाइड-मी-होम लाइट्स जैसे प्रीमियम फीचर्स दिए गए हैं, जो सुरक्षा और सुविधा दोनों को बेहतर बनाते हैं।

लॉन्च कार्यक्रम में चेतक इंडिया सेल्स से श्री सग्निक, सर्विस आरएम श्री रेड्डी, सर्विस एएसएम श्री ओम प्रकाश, तथा नेहा सेल्स से श्री तरुण, श्री आशीष एवं श्री संजय उपस्थित रहे।

कंपनी अधिकारियों ने बताया कि चेतक C25, चेतक 30 और चेतक 35 सीरीज़ के साथ मिलकर ऐसा पोर्टफोलियो तैयार करता है, जो अलग-अलग शहरी आवाजाही जरूरतों को पूरा करता है। यह स्कूटर पहली बार इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों के साथ-साथ उन परिवारों के लिए भी उपयुक्त है, जो शहर में दूसरी व्यक्तिगत सवारी जोड़ना चाहते हैं।

लॉन्च के अवसर पर बजाज ऑटो लिमिटेड के अर्बनाइट बिज़नेस के अध्यक्ष एरिक वास ने कहा कि चेतक C25 आज की शहरी मोबिलिटी की बदलती जरूरतों को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भले ही इसका डिजाइन कॉम्पैक्ट और मॉडर्न हो, लेकिन इसकी बुनियाद पूरी तरह चेतक की पारंपरिक मजबूती, टिकाऊपन और भरोसेमंद प्रदर्शन पर आधारित है।

कंपनी का मानना है कि चेतक C25 के लॉन्च से उदयपुर सहित राजस्थान के शहरी इलाकों में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को और बढ़ावा मिलेगा।

ग्राम पंचायत कठार में निपुण मेला: शिक्षा और कौशल का उत्सव



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राज्य भर में शिक्षा विभाग की पहल के तहत हर ग्राम पंचायत स्तर पर निपुण मेला आयोजित किया गया और ग्राम पंचायत कठार में यह आयोजन अपने जोश, उमंग और समर्पण के लिए विशेष रूप से यादगार रहा। मेले की अध्यक्षता संस्था प्रधान श्रीमती डॉ. श्रुति ओझा ने की। इसका भव्य उद्घाटन समाजसेवी भोपाल सिंह कठार द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्राम वासी और समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। मेले में बच्चों ने रंगारंग परफ़ॉर्मेंस प्रस्तुत की, जिसे देखकर भोपाल सिंह कठार ने बच्चों की सराहना की और उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रमुख शिक्षक और स्टाफ भी मौजूद थे। इनमें सुनील खटीक, कुंतल अग्रवाल, लक्ष्मी गोहिल, बिना भंडारी, अतीत सिंह भाटी, महावीर सिंह, अनिल पांडिया, गोपाल प्रजापत और चंद्रभान सिंह कठार की मौजूदगी रही। निपुण मेला न केवल शिक्षा और कौशल को बढ़ावा देने का मंच बना, बल्कि ग्रामवासियों और बच्चों के बीच सामाजिक सहभागिता और उत्साह की भी मजबूत झलक पेश की। आज का यह आयोजन शिक्षा और समर्पण का प्रतीक बनकर उभरा, जहां शिक्षक, विद्यार्थी और समाजसेवी हाथ में हाथ डालकर भविष्य के उज्जवल सपनों को संवारते नजर आए।

श्रीयादे धाम में जल्द लगेंगी डोम व एलईडी लाइट, पैनोरमा स्थापना और श्रीयादे जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की उठी पुरज़ोर मांग



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मेवलिया प्रजापति समाज पांच चौखला के संयुक्त तत्वावधान में श्री श्रीयादे जन्मोत्सव समारोह मंगलवार, 20 जनवरी 2026 को श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रीयादे मंदिर परिसर, दरौली के सौंदर्यीकरण को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं और मांगें सामने आईं। मुख्य अतिथि भाजपा उदयपुर देहात जिलाध्यक्ष पुष्कर लाल तेली ने बताया कि उन्होंने पूर्व में की गई घोषणा के अनुसार श्रीयादे मंदिर परिसर में डोम और 1 लाख 20 हजार रुपये की एलईडी लाइट शीघ्र स्थापित करवाई जाएगी। उन्होंने समाजजनों को आश्वस्त किया कि इस कार्य को जल्द पूरा कराया जाएगा, ताकि मंदिर की भव्यता और अधिक निखर सके। वागड़–मेवाड़ प्रजापति समाज संस्थान, उदयपुर के जिला अध्यक्ष गणेशलाल प्रजापत (घासा) ने समाज की कुलदेवी भक्त शिरोमणि मां श्रीयादे का पैनोरमा नेशनल रोड डबोक से भटेवर तक स्थापित किए जाने की मांग को दोहराया। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री तथा ओंकार सिंह लखावत, अध्यक्ष राजस्थान विरासत संस्थान एवं संवर्धन प्राधिकरण को पत्र भेजकर इस मांग को शीघ्र स्वीकृति देने का आग्रह किया। साथ ही समाज की ओर से माघ शुक्ल पक्ष की द्वितीया, मां श्रीयादे जयंती के दिन, सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की भी पुरज़ोर मांग रखी गई। समाजजनों का कहना है कि इससे मां श्रीयादे की धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता को उचित सम्मान मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठजनों और श्रद्धालुओं ने मां श्रीयादे के आदर्शों पर चलने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संकल्प भी लिया।

माँ सरस्वती जन्मोत्सव पर विद्या निकेतन में विद्यारंभ संस्कार सम्पन्न



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय, बदनोर हवेली में माँ सरस्वती जन्मोत्सव के अवसर पर पूरे विधि-विधान के साथ विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय प्रांगण में हवन कर सुख-समृद्धि की कामना की गई। हवन उपरांत विद्यालय से श्रीनाथ मार्ग स्थित श्रीनाथजी मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने सहभागिता की। कलश यात्रा काला गोखड़ा, सोना सहरी, दाता भेरू कुम्हारवाड़ा, गौड़ चौक, हनुमान चौक और खेरादीवाड़ा होते हुए श्रीनाथजी मंदिर पहुंची, जहां सभी ने दर्शन लाभ लिया। हवन में प्रधानाचार्य माधवी आमेटा, ललित बारोलिया, शीतल रावत, सलोनी, नेहा, आरती, प्रियंका, दिव्या, हेमलता सहित आचार्य दीदी, विद्यार्थी व अभिभावकों ने आहुतियां दीं। इस अवसर पर विद्यालय समिति अध्यक्ष नाहर सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी भैया-बहनों का तिलक, मोली और मिठाई से स्वागत कर विद्यारंभ संस्कार संपन्न कराया गया। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा सेवानिधि की राशि एकत्र कर सेवा कार्य हेतु समर्पित की गई।

बसंत पंचमी पर विद्या व भारतीय ज्ञान परंपरा का स्मरण



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी तथा भारतीय शिक्षण मंडल, चित्तौड़ प्रांत–उदयपुर महानगर के संयुक्त तत्वावधान में वसंत पंचमी के अवसर पर माँ सरस्वती पूजन एवं वैचारिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। विभाग निदेशक प्रो. मंजू माण्डोत ने कहा कि वसंत पंचमी भारतीय ज्ञान परंपरा के पुनर्जागरण का पर्व है, जो शिक्षा को चरित्र निर्माण और राष्ट्रबोध से जोड़ता है। पूजा-अर्चना डॉ. कुलशेखर व्यास द्वारा संपन्न कराई गई। आयोजन में डॉ. भारत सिंह देवड़ा, डॉ. प्रदीप सिंह शक्तावत, डॉ. भरत सुखवाल, डॉ. दिलीप चौधरी, श्री दुर्गाशंकर, श्री मुकेश नाथ, श्री त्रिभुवन सिंह बमनिया, मानसी नागर, श्री मनोज यादव और चिराग दवे सहित संकाय सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण एवं सामूहिक वंदे मातरम् के साथ हुआ।



24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।